

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की सिर्फ पांचवीं जीत

इस जीत से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। शनिवार को मिली जीत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 टेस्ट में न्यूजीलैंड की सिर्फ पांचवीं जीत है। साउथी ने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने इस दौरान न्यूजीलैंड में 200 टेस्ट विकेट के आंकड़े को भी पार किया और रिचर्ड हैडली को पछाड़कर न्यूजीलैंड में टेस्ट मैचों में सबसे अधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने।

## न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पहले ही सत्र में पारी और 276 रन की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट जीत के 18 साल के इंतजार को खत्म किया। टिम साउथी ने 35 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम यहां हेगले ओवल में दूसरी पारी में सिर्फ 32 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 34 रन से की थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में सिर्फ 95 रन ही बना पाई थी। जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में हेनरी निकोल्स के 105 और टॉम ब्लंडेल के 96 रन की बदौलत 482 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। तेज गेंदबाज मैट हेनरी को मैच मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 23 रन देकर सात विकेट चटकाने के अलावा दूसरी पारी में भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड की एकमात्र पारी में उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के किसी बल्लेबाज ने इस मैच में उनसे ज्यादा स्कोर नहीं बनाया।

# उम्र को लेकर विवादों में इंडिया अंडर-19 टीम के राजवर्धन

क्रिकेट

## अंडर-19 विश्व कप के दौरान हंगरगेकर की उम्र 21 साल थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाल ही अंडर-19 विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा रहे भारत के युवा आलराउंडर राजवर्धन हंगरगेकर उम्र विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र के खेल आयुक्त ओम प्रकाश बाकोरिया के अनुसार हंगरगेकर की वास्तविक उम्र 21 साल है। उनके मुताबिक हंगरगेकर तेरना पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। स्कूल के रिकार्ड के मुताबिक उनकी असली जन्मतिथि 10 जनवरी 2001 थी जो कक्षा पहली से सातवीं तक यही रही। हालांकि आठवीं में दाखिला देते समय हेडमास्टर ने इसमें बदलाव कर जन्मतिथि को 10 नवंबर 2002 कर दिया। इसका अर्थ है कि हाल ही में हुए अंडर-19 विश्व कप के दौरान हंगरगेकर की उम्र 21 साल थी।

मालूम हो कि हंगरगेकर को अंडर-19 विश्व कप में उनके प्रदर्शन



के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने आइपीएल नीलामी में 1.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बकोरिया ने 8 फरवरी को लिखे एक पत्र में बीसीसीआइ सचिव जय शाह को लिखा था कि खिलाड़ी ने अपनी जन्मतिथि बदल दी है। जांच और रिपोर्ट के अनुसार, यह पता चलता है कि राजवर्धन हंगरगेकर ने अपने अकादमिक करियर की शुरुआत टेरना पब्लिक स्कूल, उस्मानाबाद से की थी। यह महाराष्ट्र सरकार द्वारा निर्धारित स्कूल कोड द्वारा शासित है। आयुक्त ने आरोप लगाया कि स्कूल ने हंगरगेकर की जन्मतिथि में अनधिकृत तौर पर सुधार किया।

टेरना पब्लिक स्कूल, उस्मानाबाद द्वारा बनाए गए सामान्य रजिस्टर के अनुसार उनकी जन्म तिथि 10/01/2001 है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानाध्यापक द्वारा अनधिकृत तौर पर सुधार किए गए थे और 8वीं कक्षा में नए आवेदन के समय उनकी जन्मतिथि 10/11/2002 दर्ज की गई थी। यदि प्रधानाध्यापक को जन्मतिथि में किसी प्रकार का सुधार करना हो तो संबंधित जिले के शिक्षा अधिकारी की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है। हालांकि, राजवर्धन हंगरगेकर की जन्मतिथि में परिवर्तन करने के लिए ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई।

मनगढ़ंत रिकार्ड के आधार पर राजवर्धन हंगरगेकर ने इंडियन टीम में स्थान हासिल किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आइएएस) जिला परिषद उस्मानाबाद की रिपोर्ट के अनुसार उक्त खिलाड़ी की जन्म तिथि 10є01є2001 है। ऐसे में टूर्नामेंट के समय उनकी उम्र 21 वर्ष से ज्यादा की हो गई थी। इस तथ्य के बावजूद उन्होंने आइसीसी अंडर-19 विश्व कप 2022 में हिस्सा लेने वाली अंडर-19 टीम में जगह हासिल किया है। राजवर्धन हंगरगेकर का आचरण खेल की अखंडता और नैतिकता के खिलाफ है।

# 40 साल बाद भारत लौटी ओलिंपिक की यह बड़ी बैठक, मुंबई में होगा आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के अगले सत्र की मेजबानी भारत को मिली है। 2023 में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में यह मीटिंग होगी। भारत ने शनिवार को चीन के बीजिंग में 139वें आईओसी सत्र के दौरान भारत ने 2023 की मेजबानी करने का अधिकार जीता। बैठक की मेजबानी को लेकर हुए मतदान में भारत को 76 मतों में से 75 वोट मिले।

देश के पहले व्यक्तिगत ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, आईओसी सदस्य नीता अंबानी, भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा, और युवा मामलों और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित भारतीय



प्रतिनिधिमंडल ने आईओसी सदस्यों को प्रस्तुति दी। 139वें आईओसी सत्र बीजिंग में चल रहे शीतकालीन ओलिंपिक के साथ आयोजित किया जा रहा है।

यह दूसरा मौका है, जब भारत में आईओसी की सत्र आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 1983 में नई दिल्ली में सत्र का आयोजन हुआ था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले नीती अंबानी ने बयान में कहा, भविष्य में युवा ओलिंपिक और ओलिंपिक खेलों को भारत लाना हमारा सपना है। हम चाहते हैं कि दुनिया के सबसे युवा देश, भारत के नौजवान ओलिंपिक की भव्यता और विशालता को महसूस करें। हम इस साझेदारी को और मजबूत करना चाहते हैं। आईओसी की वार्षिक बैठक की मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए नीता अंबानी ने कहा कि ओलिंपिक मूवमेंट 40 साल के इंतजार के बाद भारत वापस आ रहा है! मैं 2023 में मुंबई में आईओसी सत्र की मेजबानी करने का सम्मान भारत को सौंपने के लिए इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी की आभारी हूं। यह भारतीय खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा। भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ नरिंदर बत्रा ने एक बयान में कहा मैं श्रीमती नीता अंबानी को उनके दृष्टिकोण और नेतृत्व के लिए और अपने सभी आईओसी सहयोगियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

## मां ने दिए थे 3 बल्ले, सकिबुल बोले- अम्मा नजर उतार दे...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मोतिहारी। बिहार का मोतिहारी शहर की रफ्तार बहुत ज्यादा नहीं है। यह अपनी ही चाल से चलता है। लेकिन शुक्रवार को कुछ ऐसा हुआ कि अचानक यह चर्चा में आ गया। इसी शहर के रहने वाले साकिबुल गनी ने कमाल जो कर दिया था। बाइस साल का इस लड़के ने बल्ले से इतिहास रच दिया था। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू पर ही तिहरा शतक लगाने वाला दुनिया का पहला बल्लेबाज बन गया था। रणजी ट्रॉफी प्लेट मुकाबले में मिजोरम के खिलाफ गनी ने 405 गेंद पर 341 रन बनाए। उन्होंने मध्यप्रदेश के अजय रोहेरा का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने हैदराबाद के खिलाफ 2018 में 267 रन बनाए थे। साकिबुल अपने माता-पिता के छह बच्चों में सबसे छोटे हैं। उनकी मां आसमां खातून ने बताया कि जब वह घर से निकले तो उन्होंने गनी को तीन बल्ले गिफ्ट किए थे। इस पर गनी ने कहा था, अम्मा इन बल्लों की नजर उतार दे। इसके बाद आसमां ने सरसों के बीज के धुएं से बल्लों की नजर उतारी। गनी ने इन्हीं बल्लों से से 341 रन की पारी खेली।

## न्यूज डायरी



## विराट कोहली और रिषभ पंत नहीं खेलेंगे तीसरा टी20 मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली वेस्टइंडीज के साथ खेली जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला नहीं खेलेंगे। कोलकाता को इडेन गार्डन्स में चल रही सीरीज के दूसरे मुकाबले में ही उन्होंने शानदार अर्धशतक बनाया था। जानकारी के मुताबिक ठब्ब् ने विराट और रिषभ पंत को तीसरे टी20 मुकाबले के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से भी आराम देने का फैसला लिया है। दोनों ही खिलाड़ियों को बायो बबल से 10 दिन का ब्रेक दिए जाने की खबर है। पीटीआइ से एक बीसीसीआइ अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बात करते हुए कहा, जी हां कोहली शनिवार ही अपने घर के लिए निकल जाएंगे, क्योंकि भारतीय टीम पहले ही सीरीज को अपने नाम कर चुकी है। यह बीसीसीआइ द्वारा लिया गया फैसला है, पालिसी के तहत हर एक खिलाड़ी को जो लगातार सारे फार्मेट में खेल रहा है उसको बायो बबल से ब्रेक दिया जाएगा।

## रणजी के पहले ही मैच में फेल हुए चेतेश्वर पुजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के लिए खेल रहे हैं। उनकी टीम का मुकाबला मुंबई से हो रहा है। इस मैच में पुजारा के साथ अजिंक्य रहाणे भी खेल रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों का बल्ला काफी समय से शांत है और उन्हें भारतीय टीम से बाहर करने की मांग हो रही है। रहाणे ने मुंबई के लिए खेलते हुए शतक लगाया, लेकिन पुजारा का बल्ला शांत रहा। सौराष्ट्र के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे चेतेश्वर पुजारा मैच के तीसरे दिन खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें मुंबई के मोहित अवस्थी ने एलबीडब्ल्यू किया। पुजारा के बल्ले से काफी समय से रन नहीं निकले हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना आखिरी शतक जनवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था। उनके बाद कुछ मौकों पर उन्होंने अच्छी पारियां खेली हैं, लेकिन निरंतर टीम के लिए रन नहीं बना पाए हैं।

## युजवेंद्र चहल ने की जसप्रीत बुमराह के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 8 रनों से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 186 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल ने विस्फोटक बल्लेबाज की, लेकिन इसके बाद भी मेहमान टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। भारत के लिए अंतिम तीन ओवर में हर्षल पटेल और भुवनेश्वर कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। इस मैच में भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टीम को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स को पवेलियन भेजा। मेयर्स ने 9 रनों की पारी खेली। इस विकेट के साथ ही चहल ने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जसप्रीत बुमराह के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। चहल ने 52 मैच में 66 शिकार किए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 25 रन देकर 6 विकेट हैं।

## टीम इंडिया 100 टी20 मैच जीतने वाली दूसरी टीम बनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही तीन मैचों की सीरीज पर टीम इंडिया का कब्जा हो गया। लगातार दो मैच जीतने के बाद टीम ने 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ टी20 इंटरनेशनल में 100 जीत हासिल करने वाली दुनिया की दूसरी टीम भी बन गई। टी20 इंटरनेशनल में भारत 100 मैच जीतने वाली दूसरी टीम बन गया। 155वें टी20 मुकाबले में 8 रन की रोमांचक जीत के साथ जीत का शतक पूरा किया। भारत ने अब तक कुल 97 मैच में विरोधी टीम को सीधे चित किया है।